# गौतमबुद्ध नगर सहित 11 जिलों में बनेंगे एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्र

## निवेश बढ़ाने के लिए **एमएसएमई विभाग** ने तैयार किया खाका

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ:** प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए गौतमबुद्ध नगर सहित प्रदेश के 11 जिलों में एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग ने औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना का खाका खींच लिया है। एमएसएमई विभाग की तरफ से तैयार प्रस्ताव के अनुसार इन औद्योगिक क्षेत्रों को 764.31 एकड़ क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। इनमें उद्योगों के लिए 872 भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे।

एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने भी 500 एकड़ क्षेत्र आरक्षित किया है। वहीं यीडा द्वारा जल्द ही गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर 28 में 125 करोड़ रुपये की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री कांप्लेक्स का निर्माण भी किया जाएगा। इसके निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है। इसका मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसे 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। यह बहुमंजिला फ्लैटेड फैक्ट्री कांप्लेक्स लगभग 38,665 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली होगी और इसमें एमएसएमई उद्यमों के लिए अत्याधुनिक सुविधायुक्त इकाइयां होंगी।

प्रस्ताव के अनुसार अलीगढ़ के गभाना में 116 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जाएगी। एटा के जलेसर में 6.8 एकड़, फिरोजाबाद के टूंडला में 19 एकड़, सिरसागंज में 10 एकड़, कानपुर देहात के अकबरपुर (कुंभी) में 59 तथा दुवारी में 172 एकड़, ललितपुर के बीघा में 9.8 एकड़, पुलवारा में 44 एकड़, झरर में 8.6 एकड़, महोबा में 37 एकड़, प्रयागराज सदर में आठ एकड़, प्रतापगढ़ के रानीगंज में 39.7 एकड़, मीरजापुर के चुनार में 35 एकड़, मऊ के सदर में 84 एकड़ तथा रायबरेली सदर में 58 एकड़ क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्रों को स्थापित करने के लिए भूमि की उपलब्धता देखी जा रही है।



यमुना प्राधिकरण कार्यालय • जागरण आर्काइव

- यीडा द्वारा ग्रेनो के सेक्टर-28 में 125 करोड़ की लागत से बनेगा फ्लैटेड फैक्ट्री कांप्लेक्स
- मास्टर प्लान तैयार, 24 माह में पूरा करने का लक्ष्य, अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी

**764.31**
एकड़ पर फैले औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध होंगे 872 भूखंड

**38,665**
वर्गमीटर में फैली होगी बहुमंजिला फ्लैटेड फैक्टरी कांप्लेक्स ग्रेनो में